भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-54
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर

†54. **श्री अनुराग सिंह ठाकुर**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिमाचल प्रदेश में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर नियमित कार्यक्रमों के अतिरिक्त विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी के लिए पत्राचार पाठ्यक्रमों के साथ-साथ नियमित पाठ्यक्रम भी संचालित कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त परिसर द्वारा वर्तमान में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों, जिनमें डिप्लोमा, डिग्री और शोध स्तर के कार्यक्रम शामिल हैं, का ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त राज्य में उक्त विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर की स्थापना की स्थिति क्या है तथा इसके पूरा होने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और
(घ) क्या उक्त विश्वविद्यालय को राज्य सरकार से भूमि आवंटन, अवसंरचना या समन्वय के संबंध में किन्हीं/समस्याओं/चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार इसका समाधान करने के लिए क्या कदम उठा रही है?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख)**:** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली नियमित के साथ-साथ ऑनलाइन मोड के माध्यम से मुक्त और दूरस्थ अधिगम पाठ्यक्रम भी संचालित कर रहा है। इस विश्वविद्यालय में मुक्त / दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रमों के माध्यम से संस्कृत और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) का अध्ययन करने वाले 5,000 से अधिक छात्र हैं। तथापि**,** वेद व्यास

परिसर, बालाहार, हिमाचल प्रदेश में कोई मुक्त/दूरस्थ पाठ्यक्रम संचालित नहीं किया जा रहा है। वेद व्यास परिसर में संचालित किए जाने वाले पाठ्यक्रम निम्नानुसार हैं:

सीएसयू, वेद व्यास परिसर द्वारा संचालित नियमित पाठ्यक्रम	**सीएसयू, वेद व्यास परिसर द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम**
प्राकशास्त्री (+2)	योग विज्ञान में डिप्लोमा
शास्त्री (बी.ए.)	कर्मकांड और पौरोहित्य में डिप्लोमा
शास्त्री प्रतिष्ठा (बीए ऑनर्स)	योग प्राकृतिक चिकित्सा और आहार विज्ञान में डिप्लोमा
आचार्य (स्नातकोत्तर)	
शिक्षा-शास्त्री (बी.एड.)	
विद्यावारिधि (पीएच.डी)	

(ग): वेद व्यास परिसर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का एक स्थायी परिसर है। परिसर में शैक्षणिक और प्रशासनिक ब्लॉक, गर्ल्स हॉस्टल, स्टाफ क्वार्टर और निदेशक के आवास का काम पूरा कर लिया गया है और बॉयज हॉस्टल का निर्माण दिसंबर, 2025 के अंत तक पूरा होने की संभावना है।

(घ): जी नहीं। राज्य सरकार के साथ कोई विवाद या समस्या नहीं है।

*****